लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3791
11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

'समर्थ' योजना

3791. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2017 से मार्च 2026 तक 'समर्थ' योजना के अंतर्गत आवंटित, जारी और व्यय की गई निधि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उपरोक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित, प्रमाणित और रोजगार प्राप्त करने वाले कुल लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत झुंझुनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान में जिला-वार रोजगार प्राप्त करने वाली महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग से संबंधित लाभार्थियों की संख्या कितनी है और इसका ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2017 से आज की तिथि तक उक्त योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध कार्यान्वयनकर्ता अभिकरणों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राजस्थान में लक्ष्य प्राप्त न करने या अन्य अनियमितताओं के कारण जिन अभिकरणों को निलंबित किया गया, जिनको पैनल से निरस्त किया गया या जिनके विरुद्ध धन की वसूली शुरू की गई, उनके नाम क्या हैं और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): समर्थ योजना के तहत निधि सीधे कार्यान्वयन भागीदारों को आवंटित की जाती है, योजना के तहत राज्य और जिलावार निधि का आवंटन नहीं किया जाता। वर्ष 2017 से मार्च 2026 तक समर्थ योजना के तहत आवंटित, जारी और खर्च की गई निधि का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	आवंटित (आरई)	जारी की गई कुल निधियां (एई)
1	2017-18	100	100.00
2	2018-19	42	16.99
3	2019-20	102.10	72.06
4	2020-21	80	90.70
5	2021-22	90	85.69
6	2022-23	25	23.27

7	2023-24	115	114.99
8	2024-25	331.00	260.26
9	2025-26	260.00	255.42

(ख): वस्त्र मंत्रालय की समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) अखिल भारतीय आधार पर, बुनाई और कताई को छोड़कर, वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को कवर करते हुए संगठित वस्त्र और संबंधित क्षेत्रों में मांग-आधारित, प्लेसमेंट-उन्मुख कौशल कार्यक्रम प्रदान करती है। समर्थ योजना के तहत, कुल 6.17 लाख लाभार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित (प्रमाणित) किया गया है, जिनमें से 5.17 लाख लाभार्थियों को योजना की शुरूआत से मार्च 2026 तक रोजगार प्रदान किया गया है।

(ग): समर्थ योजना के तहत, शुरूआत से मार्च 2026 तक, झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित, राजस्थान राज्य में कुल 27,497 लाभार्थियों को रोजगार प्रदान किया गया है। इनमें से, 23,102 लाभार्थी महिलाएं हैं, 10,727 अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी से संबंधित हैं, और 4,753 अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी से संबंधित हैं।

(घ): वर्ष 2017 से अब तक समर्थ योजना के तहत कुल 370 कार्यान्वयन भागीदारों (IP) को सूचीबद्ध किया गया है। सूचीबद्ध कार्यान्वयन भागीदारों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	**कार्यान्वयन भागीदार का प्रकार**	**कार्यान्वयन भागीदार की संख्या**
1	वस्त्र उद्योग/उद्योग संघ	327
2	राज्य/केंद्र सरकार की एजेंसियां	38
3	क्षेत्रीय संगठन	5

(ङ): समर्थ योजना के तहत, प्रशिक्षण लक्ष्य सीधे कार्यान्वयन भागीदारों (IP) को आवंटित किए जाते हैं। एक IP अपनी अनुमोदित परियोजना के आधार पर देश भर के विभिन्न राज्यों और जिलों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित और संचालित कर सकता है। इसलिए, योजना के तहत राज्य-वार या जिला-वार प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित नहीं किए गए हैं। इसके अलावा, कार्यान्वयन के निष्पादन और प्रगति के आधार पर, 97 कार्यान्वयन भागीदारों के प्रशिक्षण लक्ष्यों को युक्तिसंगत बनाया गया है, जबकि 32 कार्यान्वयन भागीदारों के प्रशिक्षण लक्ष्यों को धीमी प्रगति या प्रशिक्षण गतिविधियों के शुरू न किए जाने के कारण रद्द कर दिया गया है।

***